
राम नवमी की शुभकामनाएं

दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-47 | नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) शुक्रवार 27 मार्च 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## दर्दनाक हादसा : बजरी लदे डंपर से टक्कर के बाद बस में लगी आग, 14 लोगों की मौत; 18 घायल



मार्कापुरम (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम के निकट रायवरम इलाके में एक निजी ट्रैवल बस और टिपर लॉरी के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि लगभग 18 अन्य घायल हो गए हैं।यह दुर्घटना स्लैब क्वारी के पास हुई, जहां टक्कर के तुरंत बाद बस में आग लग गई और कई यात्री उसमें फंस गए। तेज रफ्तार बस के बजरी से लदी टिपर से टकराते ही आग भड़क उठी, जिससे पूरी बस जलकर खाक हो गई।स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसे में मृतकों की संख्या 14 बताई जा रही है, जबकि कई घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची आपातकालीन सेवाओं ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया, जो देर तक जारी रहा।मार्कापुरम के डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) नागराजू ने एक टीवी चैनल को बताया कि अब तक 18 घायलों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है।पुलिस के अनुसार, बचाव दल मृतकों की पहचान करने और उनके परिजनों की जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। सत्यापन पूरा होने के बाद परिजनों को सूचित किया जाएगा। आशंका जताई जा रही है कि कुछ शव अभी भी बस के अंदर फंसे हो सकते हैं, जिससे राहत कार्य में कठिनाई आ रही है। इस बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के प्रति संवेदना जताई है।

### मातम में बदलीं ईद की खुशियां: ढाका लौट रही बस नदी में गिरी, 26 यात्रियों की मौत

**–यात्री बस पद्मा नदी में समाई, कई अब भी लापता; प्रधानमंत्री ने दिए जांच के आदेश**



ढाका,(ए.)। बांग्लादेश में एक भीषण सड़क हादसे ने ईद की खुशियों को गहरे सदमें के साथ ही मातम में बदल दिया। राजबाड़ी जिले में हुए इस बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। प्रधानमंत्री रहमान ने मृतकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

इस बस दुर्घटना में अब तक 26 यात्रियों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई अन्य यात्री अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। राहत कार्य में लगी फायर सर्विस के अनुसार, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए हैं, जिनमें 11 महिलाएं, 8 पुरुष समेत 5 बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में अब तक 8 लोगों को जिंदा बचाया गया, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। लापता हुए कुछ लोगों की तलाश जारी है। इस बीच खबर है कि 22 मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पांढुर्णा में श्री हनुमान लोक में पूजा अर्चना और आरती की

## हम पाकिस्तान की तरह 'दलाल' देश नहीं', ऑल पार्टी मीटिंग में जयशंकर के तीखे तेवर



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक (ऑल पार्टी मीटिंग) बुलाई, जिसमें देश की ऊर्जा सुरक्षा, विदेश नीति और भारतीयों की सुरक्षा पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री Rajnath Singh ने की, जबकि गृह मंत्री Amit Shah और विदेश मंत्री S. Jaishankar भी मौजूद रहे।बैठक में सरकार ने सभी राजनीतिक दलों को भरोसा दिलाया कि देश में ऊर्जा संकट जैसी कोई स्थिति नहीं है। सरकार के अनुसार, घरेलू स्तर पर LPG उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है, जिससे आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। S. Jaishankar ने बताया कि Strait of Hormuz में फंसे जहाजों में से 4 सुरक्षित निकल चुके हैं, जबकि अन्य जहाजों की वापसी की प्रक्रिया जारी है। खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों को लेकर सरकार ने कहा कि भारतीय दूतावास लगातार काम कर रहे हैं और अब तक लगभग 4.25 लाख नागरिकों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है।

### 'पीछे मुड़ने का रास्ता भी नहीं मिलेगा, जल्द सीरियस हो जाओ, वर्ना, ईरान की शर्तों को लेकर ट्रंप की खुली चुनौती



वॉशिंगटन (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष का आज 27वां दिन है। इसी बीच डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि ईरानी वार्ताकार अमेरिका के साथ समझौते के लिए विनती कर रहे हैं और समय तेजी से खत्म होता जा रहा है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि ईरान सार्वजनिक रूप से अलग रुख दिखा रहा है, जबकि अंदरखाने समझौते के लिए दबाव बना रहा है। उनके मुताबिक, ईरानी प्रतिनिधि डील के लिए कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दुनिया के सामने इसे सिर्फ प्रस्ताव की समीक्षा बता रहे हैं। ट्रंप ने ईरान की सैन्य स्थिति पर भी कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है और उसके दोबारा मजबूत होने की संभावना बेहद कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने जल्द गंभीर रुख नहीं अपनाया, तो उसके पास पीछे लौटने का कोई रास्ता नहीं बचेगा।ट्रंप के इन बयानों से क्षेत्र में पहले से जारी तनाव और बढ़ सकता है। हालांकि, ईरान की ओर से इन दावों पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के बयान दोनों देशों के बीच कूटनीतिक स्थिति को और जटिल बना सकते हैं।

# पेट्रोल खत्म होने की अफवाह..

## देशभर में पेट्रोल पंप पर गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें

नई दिल्ली,(ए)। मध्यप्रदेश और गुजरात के बाद अब उत्तर प्रदेश और असम तक पेट्रोल-डीजल को लेकर भगदड़ देखने को मिल रही है। बीती रात प्रयागराज, गोंडा, सिद्धार्थनगर, हापुड़, देवरिया, संत कबीर नगर सहित कई जिलों में पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं।



हालांकि जिला प्रशासन लगातार लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पर्याप्त स्टॉक होने की बात कह रहा है। प्रयागराज में पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद अफवाह फैलने से पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। इस अफवाह के बाद लोग डर के कारण अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के लिए पहुंच गए, जिससे कई जगह अव्यवस्था की स्थिति बनी। इस तरह यूपी के देवरिया में भी सुबह से ही पेट्रोल खत्म होने की चर्चा फैल गई, जिसके बाद लोग पंपों पर उमड़ पड़े। इसके बाद देवरिया की डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सुचारु है और किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है।

गोंडा में गुरुवार को पेट्रोल लेने वाले की भीड़ अचानक पंपों पर बढ़ी, दो एक पेट्रोल पंपों के बंद होने के कारण अफरातफरी मच गई, जिससे पंपों पर पेट्रोल भरवाने के लिए गाड़ियों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। यह आलम तब है जब शहर के एक पेट्रोल पंप मालिक विजय तिवारी ने बताया कि हमारे पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

इसके बाद अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि जिले में पर्याप्त तेल का स्टॉक मौजूद है एडीएम ने बताया कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ा एक्शन होगा।

मध्य प्रदेश के इंदौर में भी इसी तरह के हालात दिखाई दिए। इंदौर में पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर वायरल वीडियो और अफवाहों के बाद प्रशासन सख्त हुआ और अफवाह फैलाने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

### पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम, पेट्रोल 5 रुपए और डीजल 3 रुपए महंगा

नई दिल्ली(ए.)। **निजी ईंधन विक्रेता नायरा एनर्जी** ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। कंपनी ने पेट्रोल के दाम 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए हैं।इस फैसले के साथ नायरा एनर्जी उन शुरुआती कंपनियों में शामिल हो गई है, जिन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी करके वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर सीधे ग्राहकों तक पहुंचाया है।




हालांकि, अलग-अलग राज्यों में वैट (वीएटी) जैसे स्थानीय टैक्स के कारण कीमतों में थोड़ा फर्क हो सकता है। कुछ जगहों पर पेट्रोल की कीमत 5.30 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ गई है।यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है, जब मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेज उछाल आया है। फरवरी के आखिर से अब तक कच्चे तेल की कीमतें करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं।

## छिंदवाड़ा में सीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 10 की मौत

### पिकअप से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी थी बस


छिंदवाड़ा,(आरएनएस)। छिंदवाड़ा जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम से लौट रही एक बस गुरुवार शाम दुर्घटना का शिकार हो गई। बस में सवार 41 यात्री घायल हुए जबकि 10 की मौत होने की खबर मिल रही है। जिसमे 7 पुरूष 3 महिलाएं एवं 1 बच्चा शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न कार्यक्रमों के लोकार्पण समारोह में हिस्सा लेने आए हुए थे इस दौरान उनके कार्यक्रम से वापस लौट रही एक बस सिमरिया के पास चिखली में हादसे का शिकार हो गई। दरअसल बस क्रमांक एमपी-28-पी-0321 सामने से आ रही एक पिकअप क्रमांक एमपी-28-जेडडी-1209 से टकरा गई। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर नजदीकी गड्ढे में जा गिरी। बताया जाता है कि बस में लगभग 55 यात्री सवार थे इनमें से 41 यात्री चोटिल हुए थे जिसमें गंभीर रूप से घायल होने पर दो दर्जन से अधिक लोगों को जिला अस्पताल लाया गया जहां पर पहुंचने के बाद 11 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है।

### राम नवमी के जुलूसों के लिए पश्चिम बंगाल के तनावग्रस्त इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सख्त

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में तनावग्रस्त इलाकों को गुरुवार की सुबह से ही व्यापक सुरक्षा घेरे में रखा गया है, क्योंकि दिन में राम नवमी के जुलूसों को लेकर तनाव और हिंसा की आशंका है। कोलकाता से सटे हुगली जिले के चंदननगर और उत्तरी दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## अयोध्या पहुंचे दिग्विजय सिंह हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में किए दर्शन

अयोध्या,(ए.)। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में पूजा-अर्चना की और कहा कि उन्होंने मंदिर निर्माण का कभी विरोध नहीं किया, बल्कि इसके विपरीत मंदिर ट्रस्ट को दान भी दिया। दिग्विजय सिंह गुरुवार को अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे और वहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राम नवमी के शुभ अवसर पर मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। भगवान राम का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। राहुल गांधी के अयोध्या दौरे से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से इसके बारे में पूछिए, उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन किए।






### पीएम मोदी आज करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक, राज्यों की तैयारियों की होगी समीक्षा

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगा और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, उर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में टीम इंडिया की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे।

### सैटेलाइट की परमाणु घड़ी में आई खराबी, भारतीय सेनाओं के सामने खड़ी हुई चुनौती

**-विदेशी नैविगेशन सैटेलाइट सिस्टम हमारी सैन्य जरूरतों के लिए सुरक्षित नहीं**

नई दिल्ली,(ए.)। भारत का स्वदेशी रीजनल नैविगेशन सिस्टम बहुत बड़े संकट के दौर से गुजर रहा है। नैवआईसी नैविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन के सैटेलाइट की परमाणु घड़ी में आई खराबी की वजह से इसके सामरिक और रक्षा क्षेत्र में इस्तेमाल को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह चिंता इसलिए बढ़ गई है कि इंडियन रीजनल नैविगेशनल सैटेलाइट सिस्टम-1एफ सैटेलाइट में लगा अंतिम संचालित परमाणु घड़ी ने भी 10 मार्च को अचानक काम करना बंद कर दिया। इसके बाद पोजिशनिंग, नैविगेशन और टाइमिंग सेवाओं के लिए सिर्फ तीन ही सैटेलाइट बच गए, जो इस काम के लिए सक्षम हैं।मीडिया रिपोर्ट में एक्सपर्ट कहते हैं कि नैवआईसी सिस्टम के प्रभावी तरीके से काम करने के लिए कम से कम ऐसे चार सैटेलाइट की जरूरत है, जिनमें परमाणु घड़ियां ठीक से काम कर रही हों।



## 1 अप्रैल से महंगी होंगी दर्द से बुखार तक की सभी दवाएं, 1000 से अधिक जरूरी दवाओं के बढ़ जाएंगे दाम



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आम लोगों को 1 अप्रैल 2026 से दवाओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी का सामना करना पड़ेगा। सरकार ने आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (NLEM) में शामिल दवाओं के दामों में करीब 0.6 प्रतिशत तक वृद्धि की अनुमति दी है। यह बढ़ोतरी 1,000 से अधिक जरूरी दवाओं पर लागू होगी।

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) के अनुसार, यह फैसला थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के आधार पर लिया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 में WPI में 2024 की तुलना में 0.64956 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके आधार पर दाम समायोजित किए गए हैं।

गौरतलब है कि सूचीबद्ध (नियंत्रित) दवाओं की कीमतों में बदलाव की अनुमति साल में एक बार दी जाती है। आवश्यक दवाओं की इस सूची में पेरासिटामोल, एजिथ्रोमाइसिन जैसी एंटीबायोटिक्स, एनीमिया की दवाएं, विटामिन और मिनरल सप्लीमेंट्स शामिल हैं। इसके अलावा, कोविड-19 के मध्यम और गंभीर मामलों में इस्तेमाल होने वाली कुछ दवाएं और स्टेरॉयड भी इस सूची का हिस्सा हैं।

फार्मा उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि यह मामूली बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है, जब कच्चे माल की लागत तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर मध्य पूर्व में जारी तनाव के चलते एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स ( APIs) और सॉल्वेंट्स की कीमतों में भारी उछाल आया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल के हफ्तों मे APIs की कीमतों में औसतन 30-35 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। ग्लिसरीन की कीमत 64 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि पैरासिटामोल 25 प्रतिशत और सिप्रोफ्लोक्सासिन की कीमत में करीब 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं, पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जैसे पीवीसी और एल्युमीनियम फॉयल की कीमतें भी लगभग 40 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं।

फार्मा उद्योग से जुड़े एक प्रतिनिधि ने बताया कि ग्लिसरीन, प्रोपलीन ग्लाइकॉल और लिक्विड दवाओं में इस्तेमाल होने वाले सॉल्वेंट्स महंगे हो गए हैं। इंटरमीडिएट्स की कीमतों में भी तेज वृद्धि हुई है। ऐसे में उद्योग जगत का मानना है कि मौजूदा बढ़ोतरी पर्याप्त नहीं है और वे इस संबंध में

K ✌ K

राजधानी समाचार





# किसानों सहित सभी वर्गों का कल्याण हमारा ध्येय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा को दी 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात
## प्रदेश के 7008 श्रमिकों के खातों में संबल योजना के 157 करोड़ रुपये अंतरित

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ रहा है। गरीब, किसान, महिला और युवा सहित सभी वर्गों का कल्याण राज्य सरकार का संकल्प है। हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। प्रदेश के किसानों को सालभर में 12 हजार रुपए की सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहाली है। इसी ध्येय से किसानों को फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन, दूध उत्पादन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण से आय दोगुनी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह प्रदेश का स्वर्णिम काल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश औद्योगीकरण और युवाओं को रोजगार से जोड़ने में सबसे आगे है। उन्होंने



छिंदवाड़ा जिले को 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 133 करोड़ की लागत के तामिया-जुन्नारदेव मार्ग, नल जल योजना के कार्य, पुलिस आवास गृह, माध्यमिक विद्यालय भवन और छात्रावास सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के लिए नया भवन बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश के 7008 श्रमिकों के खातों में संबल योजना की 157 करोड़ की राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 463 करोड़ की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी के दिन छिंदवाड़ा में दीप प्रज्ज्वलित कर एवं कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा को लगभग 500 करोड़ और पांढुर्णा को 350 करोड़ से अधिक की अनुपम सौगात मिली है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के पास जामसांवली में श्री हनुमान लोक के लोकार्पण का सौभाग्य मिला। भगवान श्री हनुमान के बिना तो रामराज्य भी अधूरा सा लगता है। हमारा शासनकाल भगवान श्रीराम के राज्य जैसा होना चाहिए। राज्य सरकार अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद अब मध्यप्रदेश के पवित्र चित्रकूट धाम को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। विरासत को विकास से जोड़ते हुए प्रदेश में श्रीराम गमन पथ का कार्य जारी है।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने सौजन्य भेंट की

## छात्रावासों के संचालन एवं विभागीय योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करे - जनजातीय कार्य मंत्री श्री शाह

भोपाल (निप्र)। जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के नेतृत्व में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा भोपाल जिले में संचालित समस्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रावासों के अधीक्षकों की बैठक का आयोजन राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स पर किया। मंत्री श्री शाह ने छात्रावासों के प्रभावी रूप से सफल संचालन एवं विभागीय योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया। मंत्री श्री शाह ने छात्रावास की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर एवं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में आवश्यकता अनुसार सुधार करने और छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं में दी जा रही शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों हेतु 03 नवीन छात्रावास भवन के निर्माण की घोषणा साथ ही बच्चों के रुचि अनुसार संगीत एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु एक नवीन योजना के बारे में चर्चा की।बैठक के दौरान मंत्री श्री शाह द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रावास अधीक्षका को 21000 रुपए से नगद पुरस्कृत कर उसकी हौसला अफजाई की गई।

## जीतू पटवारी का सरकार पर तीखा हमला, संविदा कर्मचारियों और युवाओं के मुद्दे पर घेरा



भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश में संविदा कर्मचारियों के अधिकारों और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रबंधन को लेकर सियासत तेज हो गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसकी नीतिगत असंवेदनशीलता के कारण एक ओर लाखों संविदा कर्मचारी अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं युवाओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। जीतू पटवारी ने गुरुवार को अपने बयान में कहा कि सरकार द्वारा संविदा नीति 2023 के क्रियान्वयन को लेकर विभागों, निगमों और मंडलों से बार-बार रिपोर्ट मंगाना इस बात का संकेत है कि अब तक कर्मचारियों को उनके अधिकार नहीं मिल पाए हैं। उन्होंने इसे प्रशासनिक विफलता बताते हुए कहा कि सिर्फ औपचारिकता से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि ठोस निर्णय लेने की जरूरत है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 1.5 से 2 लाख संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन उनकी स्थिति अब भी अस्थिर बनी हुई है। संविदा नीति लागू होने के बावजूद कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, अनुकंपा नियुक्ति और सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी लाभ पूरी तरह नहीं मिल रहे हैं।युवाओं से जुड़े मुद्दे को उठाते हुए पीसीसी चीफ पटवारी ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा और एमपीएसआई भर्ती की मुख्य परीक्षा एक ही दिन, 26 अप्रैल को आयोजित करने के फैसले पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हजारों अभ्यर्थी दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन कर चुके हैं और अब वे असमंजस में हैं कि किस परीक्षा में शामिल हों।

## समाधान योजना में 25 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने लिया लाभ : ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि समाधान योजना में अब तक 25 लाख 75 हजार बिजली उपभोक्ताओं में सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। मंत्री तोमर ने गुरुवार को बताया कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। मंत्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 31 मार्च तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

## प्रतिबंधित वन्य-जीवों की अवैध बिक्री एवं पालन पर होगी सख्त कार्रवाई

**- वन विभाग ने की वन्य-जीव संरक्षण में सहयोग की अपील, अवैध वन्य-जीव व्यापार की सूचना टोल-फ्री नम्बर 0755-2524000 पर दें**

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में वन्य-जीव (संरक्षण) अधिनियम-1972 में प्रतिबंधित वन्य-जीवों की अवैध बिक्री, खरीद-फरोख्त एवं पालन को रोकने के लिए वन विभाग ने गुरुवार को सख्त निर्देश जारी किए हैं। विभाग द्वारा बताया गया कि फरवरी 2026 में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स एवं वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अनुसूची-I प्रजाति के 313 जीवित कछुओं को जप्त किया गया और इस मामले में कई आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया गया। वन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में स्पष्ट किया गया है कि अनुसूचीबद्ध वन्य-जीवों का शिकार, व्यापार, परिवहन, कब्जा या पालन दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद बाजार में कुछ पेट शॉप और एक्वेरियम दुकानों में प्रतिबंधित कछुओं, पक्षियों एवं अन्य जीवित प्रजातियों की अवैध बिक्री की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जो पूर्णत: गैरकानूनी है और वन्य-जीवों की प्राकृतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध है।वन विभाग ने दुकानदारों और पालतू पशु-पक्षी विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति CITES प्रजातियों का व्यापार न करें और अपने प्रतिष्ठान में उपलब्ध पशु-पक्षियों से संबंधित वैध दस्तावेज सुरक्षित रखें।



## भोपाल में ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, चालक फरार



भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के परवलिया इलाके में गुरुवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह करीब 10:30 बजे काम पर जा रहे बाइक सवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली का पहिया युवक के सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही जान चली गई।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मनोज विश्वकर्मा (38 वर्षीय) निवासी रतनपुर कॉलोनी, परवलिया रोड के रूप में हुई है। वह पेशे से प्लंबर था और रोज की तरह गुरुवार सुबह काम के लिए घर से निकला था। घर से महज एक किलोमीटर दूर यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से नीचे उतर गया और खेत में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक को भी चोटें आईं, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश जारी है। मृतक का वर्ष 2015 में उनका विवाह हुआ था और उसके दो छोटे बच्चों एक बेटा और एक बेटी हैं। इस हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

## फिर खुलेंगी व्यापमं घोटाले की फाइलें: सुप्रीम कोर्ट ने CBI और MP सरकार से पूछा- 320 पेजों की शिकायत पर अब तक क्या हुआ?

भोपाल (निप्र)। व्यापमं महाघोटाले की जांच की आंच एक बार फिर तेज होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक पारस सकलेचा की याचिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए CBI और मध्य प्रदेश सरकार को स्पष्ट आदेश दिए हैं। कोर्ट ने पूछा है कि सकलेचा द्वारा दी गई 320 पन्नों की डिटेल शिकायत पर अब तक क्या एक्शन लिया गया? जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने आदेश दिया कि जांच एजेंसी और राज्य शासन अब तक की गई पूरी जांच और दाखिल चार्जशीट का ब्यौरा शपथ पत्र (एफिडेविट) के साथ पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल 2026 को तय की गई है।सकलेचा की ओर से सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा , सर्वम रितम खरे , विपुल तिवारी, इंद्रदेव सिंह मौजूद थे।



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीसी से समस्त कलेक्टर्स को जिले के कानून व्यवस्था एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

# बीज संघ हाइब्रिड बीजों का उत्पादन कर किसानों को बाजार से आधी कीमत पर उपलब्ध कराएगा : मंत्री श्री सारंग

## 'एम.पी. के चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड बनाने की होगी पहल
## नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट और किसानों के प्रशिक्षण पर दें विशेष ध्यान



भोपाल (निप्र)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राज्य सहकारी बीज एवं विपणन संघ मर्यादित, भोपाल (बीज संघ) के संचालक मंडल की बैठक में बीज उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा किसानों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बीज संघ द्वारा मक्का, नॉन-जीएम कपास एवं सब्जियों के हाइब्रिड बीजों का उत्पादन एवं विपणन किया जाएगा। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज बाजार मूल्य की तुलना में लगभग आधी कीमत पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मंत्री श्री सारंग ने बीज संघ के 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीजों की गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सोशल मीडिया, कृषि मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में बताया गया कि बीज प्रसंस्करण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट एवं कलर सॉर्टेक्स मशीनें स्थापित की जाएंगी। प्रथम चरण में यह कार्य गुना एवं खरगोन में प्रारंभ किया जाएगा, जिसे पैक्स एवं सहकारी समितियों के माध्यम से प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तारित किया जाएगा। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि किसानों को बीज उत्पादन के लिए प्रशिक्षित किया जाए। जिन किसानों ने बीज उत्पादन में अच्छा कार्य किया है, उनके माध्यम से अन्य किसानों को प्रशिक्षण दिया जाए तथा प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार बीज उत्पादन योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि बीज संघ आगामी समय में बीज उत्पादन, ब्रांडिंग, प्रसंस्करण एवं विपणन को मजबूत करते हुए किसानों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ कार्य करे। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक संस्थाएं श्रीमती शीला दाहिमा, राज्य विपणन संघ के प्रबंध संचालक अभिजीत अग्रवाल, बीज निगम के प्रबंध संचालक महेंद्र दीक्षित सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के लिए आधार-अब विद्यालय के द्वार शिविर का अगला चरण एक अप्रैल से

### स्कूलों में ही बनेंगे आधार कार्ड और अद्यतन भी होगा




भोपाल (निप्र)। राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के सहयोग से प्रदेश के स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन एवं अद्यतन शिविर विद्यार्थियों के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार का अगला चरण 1 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विद्यालय परिसर में ही आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व यह कार्यक्रम 18 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 के बीच दो चरणों में आयोजित किया जा चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ मिला था। अब इसके अगले चरण के माध्यम से शेष विद्यार्थियों को भी इस सुविधा से जोड़ा जाएगा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट को पूर्ण करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार अभियान का अगला चरण प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

**500 से अधिक ऑपरेटर्स का किया गया है चयन**

आधार शिविरों के कुशल संचालन के लिए लगभग 500 से अधिक ऑपरेटर्स का चयन किया गया है। इसके साथ ही इस सबंध में शालाओं के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित भी किया गया है कि वे UDISE+ पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें जिनके आधार में MBU पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिये जागरूक करें और इसके लिए एक रोस्टर बनाएं। स्कूल शिक्षा विभाग की यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (MBU) पर केंद्रित है। जिसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। दूसरा MBU तब आवश्यक है जब बच्चा 15 वर्ष का हो जाए।



मैहर । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर मैहर पहुंचकर शक्तिस्वरूपा मां शारदा देवी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मैहर विधायक श्री श्रीकांत चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

# घायल तेंदुए को मिला नया जीवनः रेस्क्यू एवं उपचार के बाद जंगल में हुई वापसी



बालाघाट(ए.) । बालाघाट जिले के वन क्षेत्र में मानवता और वन्यजीव संरक्षण की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली, जहां एक घायल तेंदुए को न केवल बचाया गया, बल्कि उपचार के बाद सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ दिया गया।घटना 13 मार्च 2026 की है, जब वन परिक्षेत्र बालाघाट सामान्य की बीट आगरवाड़ा अंतर्गत ग्राम बीजाटोला के पास नहर किनारे एक तेंदुए के घायल होने की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया। वनसंरक्षक गौरव चौधरी एवं वनमंडल अधिकारी नित्यानंदम एल. के निर्देशन में, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक से अनुमति प्राप्त कर विशेषज्ञ टीम को मौके पर भेजा गया। रेस्क्यू अभियान में नानाजी देशमुख वन्यप्राणी पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय की पशुचिकित्सक टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। टीम ने घायल तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे उपचार हेतु मुक्की रेस्क्यू सेंटर भेज दिया था। कुछ दिनों तक चले उपचार के बाद तेंदुए की स्थिति में सुधार हुआ और विशेषज्ञ पशुचिकित्सकों द्वारा उसे पूर्णतः स्वस्थ घोषित करते हुए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया गया। इसके बाद 24 मार्च को वन विभाग, पशुचिकित्सकों एवं कान्हा टाइगर रिजर्व के स्टाफ की मौजूदगी में तेंदुए को मानव व्यवधान से दूर एक सुरक्षित आरक्षित वन क्षेत्र में सफलतापूर्वक छोड़ दिया गया। यह पूरी कार्रवाई वन विभाग की सजगता, विशेषज्ञों के समन्वय और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## शंकरपुर स्थित लगभग 3 करोड़ रुपए मूल्य की डेढ़ बीघा सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

**सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिये जिला प्रशासन की मुहिम जारी**



ग्वालियर(ए.) । जिले में सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इस कड़ी में गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई राजस्व व नगर निगम की संयुक्त टीम ने ग्वालियर शहर से सटे शंकरपुर ग्राम के अंतर्गत लगभग डेढ़ बीघा बेशकीमती जमीन मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटवाए। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन का बाजार मूल्य लगभग 3 करोड़ रुपए आंका गया है। तहसीलदार महेन्द्र यादव ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन का एक हिस्सा नगर निगम की पानी की टंकी के लिए आरक्षित था। इस जमीन पर लगभग 2 हजार वर्गफुट क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से ईंटों की दीवार बना दी गई थी। साथ ही कुछ लोगों द्वारा सीमेंट आदि की बिक्री भी यहां से की जा रही थी। इन सभी अतिक्रमणों को जिला प्रशासन की टीम द्वारा हटवा दिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीन से बेजा कब्जे हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः बैतूल जिले के विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण एवं स्वच्छता गतिविधियां आयोजित



बैतूल (ए.)। जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर के मार्गदर्शन में व्यापक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। घोड़ाडोंगरी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पांडरा में मंदिर परिसर एवं हैंडपंप के आसपास स्वच्छता एवं जल संरक्षण से संबंधित कार्य किए गए। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ग्राम पांडरा के माध्यम से आयोजित किया गया। इस दौरान जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कर जल चौपाल लगा कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रस्फुटन समिति व ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया एवं भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभातपट्टन विकासखंड के प्रस्फुटन ग्राम पाबल में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं के सहयोग से मेंटर रोशन लोखंडे की उपस्थिति में जल स्त्रोत "निर्मल नीर कूप के आसपास साफ-सफाई कर जल चौपाल आयोजित की गई।

## बस स्टेण्ड पर 11 बसों पर चालानी कार्यवाही




भिंड (ए.)। जिला परिवहन अधिकारी के सख्त निर्देश पर चेकपॉइंट भिण्ड टीम ने आज भिण्ड बस स्टैंड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 11 बसों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 9,500 रुपये का राजस्व वसूला गया। टीम ने बस संचालकों को साफ हिदायत दी कि बस स्टैंड के बाहर यात्रियों को चढ़ाने या उतारने की मनाही है। साथ ही, हर बस टिकट पर वाहन का पंजीकरण नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। हिदायत दी गई कि ऐसी बसों के चालकों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी जो बस स्टैंड के बाहर यात्रियों को बिठाते या उतारते हैं। यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से की गई है।

# शाजापुर कलेक्टर को कानून पता नहीं, कुछ भी आर्डर कर देती है : हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

## कलेक्टर ने किया अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लघंन

शाजापुर (ए.) । कलेक्टर के आदेश पर एक बार फिर से हाईकोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया है। हाईकोर्ट जज ने कलेक्टर रिजु बाफना के खिलाफ टिप्पणी करते हुए कहा शाजापुर कलेक्टर को कुछ पता नहीं, नियमों को जानती नहीं और कुछ भी पास कर देती है। कुछ ही दिनों में कलेक्टर को यह तीसरी फटकार हाईकोर्ट से लगी है। इसके पहले भी हाईकोर्ट कलेक्टर के आदेशों पर तल्ख टिप्पणी कर चुका है। इस बार कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी जयंत बघेरवाल की दो वेतन वृद्धि से जुड़ा मामला है। कलेक्टर कार्यालय में वाहन स्टैंड को लेकर कलेक्टर शाजापुर ने वाहन स्टैंड ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर के आदेश दिए थे। ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद उसने कर्मचारी जयंत बघेरवाल पर आर्थिक लेन-देन के आरोप लगाएं। कलेक्टर ने बिना जांच के ही 27 फरवरी एवं 28 फरवरी 2025 को दो आदेश जारी



किए, पहले आदेश में बघेरवाल की दो वेतन वृद्धि रोकने और दूसरे आदेश में उन्हें एसडीएम कार्यालय गुलाना अटैच किया गया। वेतन वृद्धि रोकने के आदेश पर पहले बघेरवाल ने कमिश्नर उज्जैन के यहां अपील की। कमिश्नर ने भी कलेक्टर के आदेश को यथावत रखा, उसके बाद बघेरवाल ने हाईकोर्ट की शरण ली। इन्दौर हाईकोर्ट ने 25 मार्च को स्टे आदेश जारी करते हुए कलेक्टर शाजापुर से 15 दिन में व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया है, हलफनामे में कलेक्टर शाजापुर को स्पष्ट करना है किन नियमों के तहत बिना जांच के दो वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए हैं। स्टे आदेश में हाईकोर्ट ने स्पष्ट लिखा है कलेक्टर ने अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लघंन किया है। बिना किसी विभागीय जांच के दो वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी कर दिएं। हाईकोर्ट ने कलेक्टर को फटकार लगाते हुए कहा शाजापुर कलेक्टर कुछ भी आर्डर पास कर देती है, आबकारी अधिकारी के मामले में भी ऐसा ही किया था। कलेक्टर को कानून पता नहीं है। पहला मामला 30 जून 2024 का है जिसमें हाईकोर्ट ने हाट मैदान स्थित भूमि को लेकर याचिका कर्ता महेश गुप्ता की याचिका पर कलेक्टर शाजापुर के खिलाफ कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट की कार्रवाई की थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी कलेक्टर शाजापुर एवं सीएमओ नगरपालिका शाजापुर ने हाट मैदान स्थित गुप्ता की भूमि पर लगने वाले हाट बाजार को नहीं हटाया।

## व्यापार समाचार

# 9 दिन की गिरावट के बाद सोने-चांदी ने भरी उड़ान, 12 हजार रुपए उछली चांदी.. ट्रंप के एक इशारे से पलट गया पूरा बाजार

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। लगातार 9 दिनों तक औंधे मुंह गिरने के बाद सोने और चांदी की कीमतों में अचानक जबरदस्त तेजी लौट आई है। एमसीएक्स (MCX) पर चांदी की कीमत ने निवेशकों को हैरान करते हुए लगभग 5.5 प्रतिशत यानी 12,000 रुपये से अधिक की छलांग लगाई है और यह 2,36,137 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। वहीं, एमसीएक्स पर ही सोने की कीमत भी 4 प्रतिशत या 5,500 रुपये से ज्यादा की मजबूती के साथ 1,44,434 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। विदेशी बाजारों में भी पीली धातु के भाव 2 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं।

### युद्ध रुकने की उम्मीद और ट्रंप के इशारे ने किया कमाल

सोने-चांदी की कीमतों में आई इस तूफानी तेजी के पीछे अमेरिका और ईरान के बीच संभावित बातचीत की खबरें सबसे बड़ी वजह मानी जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात के स्पष्ट संकेत दिए हैं कि मध्य पूर्व में चल रहे विनाशकारी युद्ध को खत्म करने के लिए अब कूटनीतिक रास्ता तलाशा जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो जल्द ही दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय शांति वार्ता हो सकती है। हालांकि, इस पर अभी ईरान की ओर से अंतिम प्रतिक्रिया का इंतजार है, लेकिन शांति की इस उम्मीद ने सर्राफा बाजार में गजब का उत्साह भर दिया है।

### डॉलर और कच्चे तेल की कमजोरी से मिला डबल सपोर्ट

वैश्विक बाजार की बात करें तो रॉयटर्स के मुताबिक, नरम डॉलर



और कच्चे तेल में आई कमजोरी के कारण हाजिर सोना 2.1 प्रतिशत बढ़कर 4,568.29 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। वहीं, अप्रैल डिलीवरी वाले अमेरिकी सोना वायदा में 3.8 प्रतिशत का उछाल आया और यह 4,569.40 डॉलर पर ट्रेड कर रहा है। हाजिर चांदी भी 3.8 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.94 डॉलर प्रति औंस हो गई है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, डॉलर इंडेक्स के करीब 0.2 प्रतिशत गिरने से विदेशी निवेशकों के लिए सोना सस्ता और अधिक आकर्षक हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ हफ्तों में सोना शेयर बाजार के साथ कदम मिला रहा था, जबकि कच्चे तेल के साथ इसका ट्रेंड बिल्कुल उल्टा दिखा है।

### बाजार में अभी भी मंडरा रहा है खतरे का बड़ा साया

भले ही सोने-चांदी ने रफ्तार पकड़ ली है, लेकिन जानकारों का मानना है कि बाजार में अनिश्चितता और खतरे के बादल अभी पूरी तरह छंटे नहीं हैं। ईरान ने अभी भी होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है और दूसरी तरफ इजरायल के हमले लगातार जारी हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए अमेरिका ने भी करीब 2,000 अतिरिक्त सैनिकों को मध्य पूर्व में तैनात करने का फैसला किया है। इसके अलावा, ऊर्जा की ऊंची कीमतों के कारण महंगाई का दबाव बढ़ने का खतरा है, जिससे ब्याज दरें ऊपर ही रह सकती हैं। इसी महीने युद्ध के कारण कच्चा तेल 120 डॉलर तक पहुंच गया था, जिसने ब्याज दरों की चिंता बढ़ा दी थी और सोने में 15 प्रतिशत तक की भारी गिरावट ला दी थी।

### केंद्रीय बैंकों की बिकवाली और आगे का ट्रेंड

इस पूरी उथल-पुथल के बीच यह भी खबरें आ रही हैं कि कुछ देशों के केंद्रीय बैंक अपनी घरेलू मुद्रा को सहारा देने के लिए अपना सोना बेच रहे हैं। इसमें विशेष रूप से तुर्की का नाम सामने आ रहा है, जिसका केंद्रीय बैंक अपने विशाल सोने के भंडार का इस्तेमाल करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है, जिससे कीमतों पर दबाव बना हुआ है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की चाल पूरी तरह से मध्य पूर्व के युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक ब्याज दरों के रुख पर निर्भर करेगी। अगर भू-राजनीतिक तनाव कम होता है तो बाजार में और सुधार दिखेगा, लेकिन अनिश्चितता बनी रही तो उतार-चढ़ाव का यह दौर लंबा खिंच सकता है।

## भारतीय शेयर बाजार में छाई रौनक, निवेशकों को हुआ 11 लाख करोड़ का फायदा

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,205 अंक या 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,273.45 और निफ्टी 394.05 अंक या 1.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,306.45 पर था।

बाजार में चौतरफा तेजी थी और करीब सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (3.51 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (2.69 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (2.67 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (2.56 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस (2.35 प्रतिशत), निफ्टी ऑटो (2.22 प्रतिशत) और निफ्टी हेल्थकेयर (2.05 प्रतिशत) की तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,244.05 अंक या 2.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,331.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 401.35 अंक 2.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,896.55 पर था।

सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, टाइटन, इंडिगो, ट्रेंट, एमएंडएम, टाटा स्टील, एसबीआई, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टीसीएस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लूजर्स थे। बाजार में तेजी के चलते बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप करीब 8 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 4.31 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पहले 4.23 लाख करोड़ रुपए था।

## सरकार ने किया को-ऑपरेटिव डिविडेंड इनकम पर बड़ा ऐलान, तीन साल तक मिलेगी टैक्स छूट

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार की ओर से बुधवार को को-ऑपरेटिव डिविडेंड इनकम पर बड़ा ऐलान किया गया। अब नेशनल को-ऑपरेटिव फेडरेशन से आने वाली डिविडेंड आय पर तीन साल की टैक्स छूट मिलेगी। इस कदम का उद्देश्य देश के छोटे को-ऑपरेटिव को मजबूत करना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि इस टैक्स छूट का उद्देश्य को-ऑपरेटिव में कम हिस्सेदारी वाले सदस्यों को प्रोत्साहन देना है, जिससे अधिक संख्या में लोग को-ऑपरेटिव से जुड़े। वित्त मंत्री ने कहा कि को-ऑपरेटिव, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) और किसान मिलकर देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान बोलते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि समावेशी विकास के लिए लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और को-ऑपरेटिव को सशक्त बनाना आवश्यक है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, ये क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, और विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों में रोजगार सृजन में सहायक हैं।वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल में डेटा सेंटर सेवाओं से संबंधित एक नए प्रावधान के बारे में भी बताया। वित्त मंत्री के मुताबिक, सेफ हार्बर नियम के तहत, संबंधित विदेशी संस्थाओं को ऐसी सेवाएं प्रदान करने वाली भारतीय कंपनियों को लागत पर 15 प्रतिशत का मार्जिन मिलेगा।सीतारमण ने कहा, इससे यह सुनिश्चित होगा कि भारत में परिचालन वास्तविक और लाभदायक बना रहे, साथ ही वास्तविक व्यावसायिक गतिविधि के बिना फर्जी संस्थाओं के निर्माण को रोका जा सकेगा।सरकारी वित्त को लेकर उठ रही चिंताओं को दूर करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ मामलों में केंद्र ने उपकर और अधिभार के रूप में एकत्र की गई राशि से अधिक खर्च किया है, जो दर्शाता है कि निधियों का उपयोग जन कल्याण के लिए किया जा रहा है।

## मिडिल ईस्ट के तनाव ने बिगाड़ा आपकी रसोई का बजट, आसमान छूने लगे खाने के तेल के दाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में लगातार गहराते युद्ध और तनाव का सीधा असर अब भारतीय रसोई तक पहुंच गया है। इस बार महंगाई की मार सिर्फ पेट्रोल-डीजल या



एलपीजी गैस तक सीमित नहीं है, बल्कि किचन की सबसे जरूरी चीज यानी खाने का तेल भी तेजी से महंगा होने लगा है। भारत में सुबह के नाश्ते में बनने वाले पराठे हों, बाजार के समोसे-जलेबी हों या फिर रोजमर्रा की सब्जियां, हर चीज में कुकिंग ऑयल का भरपूर इस्तेमाल होता है। ऐसे में खाने के तेल की कीमतों में आ रहा यह उछाला सीधे तौर पर आम आदमी की जेब ढीली कर रहा है और घर का बजट बिगाड़ रहा है। बाजार के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले एक महीने के भीतर खाने के तेल की कीमतों में साफ और बड़ा उछाल देखने को मिला है। 24 फरवरी से 24 मार्च 2026 के बीच सूरजमुखी (सनफ्लावर) तेल की कीमत 175 रुपये से उछलकर 181 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। वहीं, पाम ऑयल 5 रुपये महंगा होकर 141 रुपये प्रति किलो के भाव पर आ गया है। इसके अलावा सोयाबीन तेल की कीमतों में भी 4 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि मूंगफली, वनस्पति और सरसों तेल के दाम करीब 3 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गए हैं। भारत में खाने के तेल का महत्व सिर्फ स्वाद बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर को जरूरी फैट, ऊर्जा और पोषण देने का भी एक अहम स्त्रोत है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद




### सेंसेक्स 1372 , निफ्टी 399 अंक उछला

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भी लगातार दूसरे कारोबारी दिन तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को भी बाजार उछाल के साथ बंद हुआ था। बाजार में ये तेजी मध्यपूर्व में संघर्ष घटने की संभावनाओं के कारण , विदेशी बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1372.06 अंक उछलकर 74,068.45 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 399. 75 अंक बढ़कर 22,912.40 पर बंद हुआ। बाजार में आये इस उछाल का कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होना है। अमेरिका ने बातचीत के लिए और समय देने के लिए ईरान की ऊर्जा केन्द्रो पर हमलों को रोकने का आदेश भी दिया है। वहीं कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से नीचे आने से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 5 फीसदी से अधिक गिरकर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गईं हैं। ब्रेंट ऑयल के जून फ्यूचर्स भाव भी गिरकर लगभग 93.45 डॉलर पर आ गए।आज कारोबर के दौरान निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज़्यादा बढ़त श्रीराम फाइनेंस के शेयरों में रहीं। , जिसमें 5.80 फीसदी की बढ़त रही। इसके बाद, अल्ट्राटेक सीमेंट्स में 4.09 फीसदी की बढ़त, बजाज फाइनेंस में 3.98 फीसदी की बढ़त, ग्रासिम इंडस्ट्रीज में 3.86 फीसदी की तेज़ी और अडानी एंटरप्राइजेज में 3.78 फीसदी की बढ़त रही।निफ्टी की कंपनियों में सबसे ज़्यादा नुकसान टेक महिंद्रा को हुआ जिसमें 1.69 फीसदी की गिरावट देखी गई। इसके बाद, पावर ग्रिड में 1.34 फीसदी की गिरावट, टीसीएस में 0.90 फीसदी की गिरावट और भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड में 0.25 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी।



# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, श्रीनगर और शोपियां समेत कई जगहों पर मारे छापे

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) विंग ने कश्मीर में कई जगहों पर छापे मारे हैं। ये छापे श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल में मारे गए। यह मामला हाल ही में सीआईके पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए एक नए आतंकी जांच केस से जुड़ा है। काउंटर इंटेलिजेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को इसकी पुष्टि की है।

पिछले हफ्ते भी बड़ी कार्रवाई करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) विंग ने एक हाई-टेक अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ किया और सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया। सीआईके के एक बयान में कहा गया कि एक बड़ी सफलता के तौर पर, काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर ने एक बेहद हाई-टेक अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का पर्दाफाश किया और श्रीनगर में संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

बयान में कहा गया, सीआईके-सीआईडी को ऐसे गुप्त कॉल सेंटरों के काम करने के बारे में कई तकनीकी और विश्वसनीय इनपुट मिले थे, जो विदेशी और स्थानीय नागरिकों को निशाना बनाकर धोखाधड़ी वाली ऑनलाइन गतिविधियों में शामिल थे। सीआईके ने तुरंत तकनीकी विशेषज्ञों और फील्ड ऑपरेटिव्स की विशेष टीमें गठित कीं और कई जगहों पर व्यवस्थित निगरानी, डिजिटल खुफिया जानकारी जुटाने और सत्यापन का काम किया। आखिरकार, श्रीनगर के रंगरेथ स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक



मुख्य ऑपरेशनल हब की पहचान की गई।

इस कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए सीआईके की टीमों ने श्रीनगर शहर के अलग-अलग हिस्सों में त्वरित और सुनियोजित छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और बड़ी मात्रा में डिजिटल और संचार उपकरण जब्त किए गए, जिनमें 13 मोबाइल फोन, नौ लैपटॉप, वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल सिस्टम, सिम कार्ड, नेटवर्किंग डिवाइस और डिजिटल स्टोरेज मीडिया शामिल थे।

बयान में कहा गया कि इस धोखाधड़ी का तरीका यह था कि आरोपी वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल सिस्टम का उपयोग करके एक गुप्त, गैर-पंजीकृत कॉल सेंटर बनाते थे। इससे वे अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल नंबर जेनरेट कर पाते थे, सर्वर रूटिंग और स्पूफिंग तकनीकों का उपयोग करके अपनी असली लोकेशन छिपा लेते थे, और अनजान पीड़ितों के सामने खुद को वैध सेवा प्रदाता के रूप में पेश करते थे। इस कॉल सेंटर के जरिए अंतरराष्ट्रीय कॉल की जाती थीं और उन्हें रूट किया जाता था। पीड़ितों को निशाना बनाने के लिए एक नकली वेबसाइट और गूगल विज्ञापनों का इस्तेमाल किया जाता था।

कई देशों में मौजूद लोगों से सुनियोजित कॉल ऑपरेशन और ऑनलाइन फिशिंग विज्ञापनों के जरिए संपर्क किया जाता था। जैसे ही कोई पीड़ित विज्ञापन पर क्लिक करता था, उसकी स्क्रीन पर एक टोल-फ्री नंबर दिखाई देता था। संदिग्धों की ओर से संचालित इस टोल-फ्री नंबर का उपयोग करके उन्होंने भोले-भाले लोगों को धोखा दिया और उनसे उनकी बैंकिंग और अन्य व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद, धनराशि को विभिन्न खातों में स्थानांतरित किया गया, जिनमें फर्जी खाते और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट शामिल थे।

## नहीं बदले हैं गैस रिफिल बुकिंग के नियम, घबराने की जरूरत नहीं : पेट्रोलियम मंत्रालय



नई दिल्ली (आरएनएस)। एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समय-सीमा (रिफिल टाइमलाइन) में बदलाव को लेकर चल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट पर सरकार ने बड़ा स्पष्टीकरण जारी किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ कहा है कि एलपीजी रिफिल बुकिंग के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पुरानी व्यवस्था ही लागू है।

मंत्रालय ने बताया कि कुछ समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में यह दावा किया जा रहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए 45 दिन, नॉन-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समय-सीमा तय की गई है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मौजूदा नियमों के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग की समय-सीमा शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन ही है, और यह सभी प्रकार के कनेक्शन पर समान रूप से लागू होती है।

सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। साथ ही, घबराहट में गैस सिलेंडर की अनावश्यक बुकिंग से भी बचने की सलाह दी गई है।

मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी तरह की कमी की कोई स्थिति नहीं है। सरकार ने बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और सोमवार तक 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है।

## हरियाणा में 160 करोड़ के FD घोटाला मामले में एक्शन, कोटक महिंद्रा बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर गिरफ्तार

चंडीगढ़,(आरएनएस)। हरियाणा में कोटक महिंद्रा बैंक में 160 करोड़ रुपये के फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) घोटाले का खुलासा होने के बाद राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में बैंक के पूर्व रिलेशनशिप मैनेजर (RM) दिलीप कुमार राघव को गिरफ्तार कर लिया है।

जांच एजेंसियों के अनुसार, दिलीप कुमार राघव पर आरोप है कि उन्होंने मुख्य आरोपी के साथ मिलकर नगर निगम पंचकूला को FD से संबंधित गलत रिपोर्ट भेजी। आरोप है कि निगम ने बैंक को FD के रूप में जो राशि सौंपी, उसे बैंक कर्मचारी मिलकर फर्जी खातों में ट्रांसफर कर रहे थे। निगम को भरोसा दिलाने के लिए बैंक अधिकारी लगातार फर्जी स्टेटमेंट और कागजी रिकॉर्ड दिखाते रहे।

घोटाले का खुलासा तब हुआ जब नगर निगम ने अपनी 58 करोड़ रुपये की FD की मैच्योरिटी पर मुख्य खाते में राशि ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। बैंक ने स्टेटमेंट जारी कर दिखाया कि पैसा ट्रांसफर हो चुका है, लेकिन वास्तविक बैलेंस शून्य था। जांच में पता चला कि स्टेटमेंट पूरी तरह जाली थी। इसके बाद नगर निगम ने अपनी बाकी FDs की जांच करवाई, तो discrepancies और भी सामने आईं।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नगर निगम पंचकूला ने सेक्टर-11 स्थित कोटक महिंद्रा बैंक शाखा में 16 FD करवाई थीं, जिनकी कुल राशि लगभग 145 करोड़ रुपये और मैच्योरिटी वैल्यू लगभग 158 करोड़ रुपये थी। इनमें से 11 FD 16 फरवरी 2026 को मैच्योर हो चुकी थीं। बैंक स्टेटमेंट में केवल 2.17 करोड़ रुपये बैलेंस दिखा, जबकि निगम के रिकॉर्ड के अनुसार करीब 50 करोड़ रुपये होना चाहिए थे। बाद में बैंक ने कहा कि खाते में लगभग 12 करोड़ रुपये हैं और कोई लाइव टर्म डिपॉजिट मौजूद नहीं है।

## बंगाल में न्यायिक जांच 32 लाख मामले निपटाए, 13 लाख नाम और हटाए



### -अब तक 76 लाख वोटर्स के नाम कटे, चुनाव आयोग ने दिया नया आंकड़ा

नई दिल्ली,(ए)। पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोलकाता में बताया कि अब तक कुल 76 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। पहले एसआईआर यानी मतदाता सूची जांच के दौरान 58 लाख नाम हटाए गए। इससे राज्य के कुल वोटर 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गए। अब जो नाम अंडर एडजुडिकेशन यानी न्यायिक जांच में थे। उनमें से 32 लाख मामले निपटाए गए हैं। इनमें से 40 फीसदी यानी करीब 13 लाख नाम और हटाए जा रहे हैं। दोनों मिलाकर कुल 76 लाख के करीब नाम लिस्ट से हटाए जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अभी भी 28 लाख मामले बाकी हैं। राज्य में 705 न्यायिक अधिकारी इन मामलों को निपटाने में लगे हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी की थी, जिसमें 10 लाख नाम अपलोड किए गए, लेकिन आयोग ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने हटाए गए जिस पर कई लोगों ने नाराजगी जताई। अगली लिस्ट हर शुक्रवार को जारी होगी।



*देहरादून में 'रामनवमी' उत्सव के दौरान, वीर सावरकर संगठन द्वारा आयोजित एक धार्मिक शोभायात्रा में श्रद्धालु भाग लेते हुए।*

## मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से मिलती है हर परिस्थिति का सामना करने की प्रेरणा, रामनवमी पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना है कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो। रामनवमी के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या की यात्रा से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने संस्कृत श्लोक के साथ उनके अर्थ भी समझाए। पीएम मोदी ने कहा, आज रामनवमी का पवित्र पर्व है। राम यानी- सत्य और पराक्रम का संगम, दिव्यगुणैः शक्रसमो रामः सत्यपराक्रमः। राम यानी- धर्मपथ पर चलने वाला व्यक्तित्व, रामः सत्पुरुषो लोके सत्यः सत्यपरायणः। राम यानी- जनता के सुख को सर्वोपरि रखना, प्रजा सुखत्वे चंद्रस्य।

उन्होंने कहा कि राम सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, राम एक मूल्य, एक मर्यादा और एक दिशा हैं। पीएम मोदी ने अपने वीडियो संदेश में कहा, प्रभु राम मानवता का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे मानवता के उच्च मूल्यों और आदर्शों का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। मर्यादाओं को रेखांकित करते हैं। वे विवेक, त्याग और तपस्या की एक मिसाल हमारे बीच छोड़कर गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी राम नवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रभु श्रीराम की कृपा से सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और सुख का वास हो। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और लोककल्याण की सर्वोच्च प्रेरणा है। उनका आदर्श शासन, न्याय, समानता और जनकल्याण का प्रतीक रहा है, जो आज भी हमारे समाज और देश के लिए पथ प्रदर्शक है।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत, 1 अप्रैल से बिजली के रेट कम हुए

मुंबई, (ए.)। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में राज्य में बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। पूरे राज्य में बिजली के रेट कम कर दिए गए हैं, और ये नए रेट 1 अप्रैल से लागू होंगे। महावितरण, बेस्ट, अडानी और टाटा पावर जैसी बड़ी बिजली डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने घरेलू बिजली के रेट कम करने का फैसला किया है। इससे आम उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कुछ राहत मिलेगी। खास बात यह है कि बेस्ट प्रशासन ने कम बिजली इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को सबसे सस्ती दरों पर बिजली देने का फैसला किया है। इसलिए, कम बिजली इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा फायदा होगा। रेट कम होने से आम लोगों को महंगाई के बीच वित्तीय राहत मिलेगी।

# मिडिल ईस्ट में युद्ध के बीच आई अच्छी खबर, ईरान ने भारत-चीन समेत 5 देशों के लिए खोला होर्मुज

नई दिल्ली (आरएनएस)। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद नहीं है, बल्कि केवल दुश्मनों के लिए प्रतिबंधित किया गया है। राज्य टीवी पर दिए बयान में उन्होंने कहा, हमारे दृष्टिकोण से होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद नहीं है। यह केवल हमारे दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है। उनके जहाजों को गुजरने की अनुमति देने का कोई कारण नहीं है।


उन्होंने दावा किया कि तेहरान की सशस्त्र सेनाएं मित्र देशों के जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान कर रही हैं। अराघची के अनुसार, अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगियों के जहाजों व तेल टैंकरों को रोका जा रहा है, जबकि अन्य देशों के जहाज समन्वय के बाद सुरक्षित रूप से गुजर रहे हैं।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल मची हुई है। तेल की कीमतों में तेजी




देखी जा रही है और शिपिंग कंपनियां संकट का सामना कर रही हैं। ईरान का कहना है कि मार्ग पूरी तरह बंद नहीं, बल्कि चयनात्मक रूप से नियंत्रित किया जा रहा है। ईरान के अनुसार, चीन, भारत, इराक, रूस और पाकिस्तान जैसे देशों के जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जा रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल व्यापार का एक अहम चोक पॉइंट है, जहां से दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति गुजरती है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच इस मार्ग पर नियंत्रण कड़ा कर दिया गया है। अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल ईरान की नीति प्रतिरोध जारी रखने की है और वह बातचीत के मूड में नहीं है। उनके अनुसार, इस समय वार्ता की बात करना समर्पण के समान होगा।यह बयान व्हाइट हाउस की उस टिप्पणी के कुछ घंटों बाद आया, जिसमें अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी थी कि यदि वह शांति समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा था कि बातचीत जारी है और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।

## विवेक अग्निहोत्री और भूषण कुमार मिलकर बनाएंगे ऑपरेशन सिंदूर




मुंबई ,(आरएनएस)। फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री और भूषण कुमार ने नए प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। दरअसल, दोनों मिलकर टेरर अटैक-बेस्ड फिल्म ऑपरेशन सिंदूर लेकर आ रहे हैं। दोनों की यह फिल्म लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों की किताब से प्रेरित है। विवेक अग्निहोत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर इस बात की पुष्टि करते हुए लंबा-चौड़ा नोट पोस्ट करते हुए बताया कि उनकी यह फिल्म ऑपरेशन सिंदूर लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. टाइनी ढिल्लों की किताब ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान पर आधारित है विवेक अपने नोट पर लिखते हैं, भूषण कुमार और मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हाथ मिलाया है। यह वह कहानी है, जिसने पूरे उपमहाद्वीप की सुरक्षा की परिभाषा ही बदल दी और पाकिस्तानी के परमाणु झूठ को बेनकाब किया है।उन्होंने कहा, यह फिल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों की किताब ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडिया डीप स्ट्राइक इनसाइड पाकिस्तान पर आधारिक है। निर्देशक ने इस बात पर जोर देते हुए बताया कि फिल्म का मकसद उन सच्ची घटनाओं को बड़े पर्दे पर लाना है जो भारत की सुरक्षा को मजबूत बनाने में अहम रोल निभाती हैं। निर्देशक ने कहा कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं बनी है बल्कि हकीकत को लोगों तक पहुंचाने के लिए है।निर्देशक ने लिखा, फिल्म की कहानी पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की घटनाओं पर आधारित है और इसके लिए भारतीय सशस्त्र बलों के कई हिस्सों के साथ मिलकर गहन रिसर्च की गई है।

# देशभर में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई सामान्य, तेजी से बढ़ाए जा रहे PNG कनेक्शन : केंद्र

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने साफ किया है कि देशभर में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और सभी रिटेल पेट्रोल पंप सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। सरकार के मुताबिक, देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है। सरकार ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भी पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि, कुछ जगहों पर अफवाहों के चलते लोगों ने घबराकर ज्यादा खरीदारी की, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं।

सरकार ने बताया कि घरेलू पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) और सीएनजी ट्रांसपोर्ट की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखी जा रही है। वहीं, औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को औसत खपत के लगभग 80 प्रतिशत तक गैस सप्लाई दी जा रही है, ताकि उनका कामकाज प्रभावित न हो और देश की आर्थिक गतिविधियां जारी रहें।

इस बीच, सरकार ने नेचुरल गैस एंड पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर, 2026 को अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य पूरे देश में पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार को तेज करना है। इस नए फ्रेमवर्क से समयबद्ध तरीके से पाइपलाइन बिछाने में मदद मिलेगी और जमीन से जुड़ी दिक्कतों को भी कम किया जा सकेगा।पीएनजी कनेक्शन के विस्तार में भी तेजी आई है। एक ही दिन में 110 से ज्यादा भौगोलिक क्षेत्रों में रिकॉर्ड 9,046 नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए। इस काम को बढ़ावा देने के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) और गेल जैसी कंपनियां नए प्रोत्साहन दे रही हैं। वहीं, दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने 24 घंटे पाइपलाइन बिछाने की अनुमति दे दी है और सड़क मरम्मत शुल्क भी माफ कर दिया है।प्रक्रिया को और तेज करने के लिए पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (पीईएसओ) को निर्देश दिया गया है कि वे सीजीडी (सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन) से जुड़े आवेदनों का निपटारा 10 दिनों के भीतर करें।

# एक्शन-कॉमेडी फिल्में करना चाहती हैं शालिनी पांडे, ऋतिक और रणवीर को को बताया अपना फेवरेट; एक के साथ कर चुकी हैं काम

अभिनेत्री शालिनी पांडे ने अपने करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्मों और सीरीज में काम किया है। अब अभिनेत्री की इच्छा एक्शन फिल्म में काम करने की है। 'धुरंधर' को अपनी मौजूदा पसंदीदा फिल्म बताते हुए शालिनी ने इन दो कलाकारों को अपना फेवरेट बताया और काम करने की इच्छा जताई। एक्ट्रेस ने अपनी



महत्वाकांक्षाओं को लेकर भी बात की।शालिनी पांडे ने कहा कि मैं इतनी महत्वाकांक्षी हूं कि मुझे लगता है कि मैं बहुत कुछ करना चाहती हूं। मैंने जीवन भर खेल खेले हैं और मुझे खेल बहुत पसंद हैं, इसलिए मुझे लगता है कि मैं एक एक्शन फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे एक्शन पसंद है। मुझे इसका रोमांच बहुत अच्छा लगता है। इसलिए एक्शन ही वह चीज है जो मैं करना चाहती हूं।अभिनेत्री ने आगे कॉमेडी जॉनर को लेकर कहा कि कॉमेडी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे मैं पूरी तरह से एक्सप्लोर करना चाहती हूं क्योंकि एक दर्शक के रूप में मुझे ये चीजें पसंद आती हैं। मुझे लगता है कि एक्शन और कॉमेडी दोनों ही तरह के रोल मुझे पसंद हैं।मैं ऐसे लोगों के साथ काम करना चाहती हूं जो एक एक्टर के रूप में मुझे प्रेरित करें, जो मुझे मेरे कंफर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए प्रेरित करें। ऐसा नहीं है कि मैं जहां भी हूं वहां बहुत सहज होने की कोशिश नहीं करती, लेकिन एक एक्टर के रूप में मैं खुद को आगे बढ़ाना चाहती हूं। मैं ऐसी जगह नहीं रहना चाहती, जहां मेरा विकास बिल्कुल न हो रहा हो।किस तरह के कलाकार के साथ काम करने के सवाल पर शालिनी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिले जो मेरा पूरक हो और मैं उस व्यक्ति का पूरक बन सकूं। वहीं एक्टर को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे सबसे पहले रणवीर सिंह एक अभिनेता के रूप में बहुत पसंद हैं।मैंने धुरंधर देखी है, जो मेरी हाल की पसंदीदा फिल्मों में से एक है, इसलिए मुझे लगता है कि वह हर तरह की भूमिका में अच्छे हो सकते हैं। इसके अलावा ऋतिक रोशन भी इस लिस्ट में हैं, क्योंकि मैंने उन्हें बचपन से ये सब करते देखा है। मुझे लगता है कि सबसे पहले इन्हीं दो लोगों का नाम आता है।वर्कफ्रंट की बात करें तो तेलुगु फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली शालिनी ने बॉलीवुड में डेब्यू रणवीर सिंह के ही साथ किया। 2022 में रणवीर के साथ फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' से उन्होंने हिंदी फिल्मों में कदम रखा है।

# दुनियाभर में धुरंधर 2 का आया सैलाब, 6ठे दिन टूटे चार फिल्मों के तगड़े रिकॉर्ड, अब 1000 करोड़ दूर नहीं

रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित धुरंधर- द रिवेंज या धुरंधर 2 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी. जबकि 18 मार्च को इसके पेड प्रीव्यू दिखाए गए थे. 2025 की ब्लॉकबस्टर फ़िल्म धुरंधर की इस सीक्वल ने रिलीज़ के बाद से ही बॉक्स ऑफ़िस पर गर्दा उड़ाया हुआ है. ये फिल्म देश और दुनियाभर में रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है. यहां तक कि रिलीज के छठे दिन भी इस फिल्म ने धुआंधार कमाई कर फिर इतिहास रच दिया है. चलिए यहां जानते हैं धुरंधर 2 ने वर्ल्डवाइड 6 दिनों में कितना कलेक्शन कर डाला है?धुरंधर 2 का बॉक्स ऑफिस पर सैलाब आया हुआ है. ये फिल्म इतनी स्पीड से हर दिन भारी-भरकम कलेक्शन कर रही है कि इसने हर किसी को हैरान कर दिया है. फिलहाल दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' छाई हुई है. इसके छठे दिन के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक धुरंधर 2 ने विदेशों में कुल 231.57 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है, जिससे इसका कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस



कलेक्शन बढ़कर 919.00 करोड़ हो गया है.धुरंधर 2 ने दुनियाभर में 919 करोड़ के ग्रॉस कलेक्शन के साथ चार फिल्मों को मात दे दी है और वर्ल्डवाइड हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्मों की टॉप 5 लिस्ट में पहुंच गई है. बॉलीवुड हंगामा के आंकड़ो के मुताबिक धुरंधर 2 ने रणबीर कपूर की फ़िल्म एनिमल की लाइफ़टाइम कमाई को पीछे छोड़ दिया है, जिसने 2023 में दुनिया भर में कुल 917 करोड़ रुपये कमाए थे.इसके साथ ही इसने सलमान खान की बजरंगी भाईजान के वर्ल्डलाइड लाइफटआइम कलेक्शन 918.18 करोड़ को भी मात दे दी है.इस फिल्म ने अपनी रिलीज के छठे दिन, यानी मंगलवार को 56.55 करोड़ रुपये का भारत में नेट कलेक्शन किया है. एंटरटेनमेंट ट्रैकिंग पोर्टल सैकनिल्क के मुताबिक इसके साथ ही इसकी घरेलू नेट कमाई भारत में 575.67 करोड़ रुपये हो गया है.धुरंधर 2 ने महज रिलीज के 6 दिन में 9 सौ करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और ये ऐसा करने वाली सबसे तेज फिल्म बन गई है. इसी के साथ अब ये 1000 करोड़ी बनने से इंचभर दूर है. फिल्म की कमाई की रफ्तार को देखते हुए लग रहा है कि ये दूसरे वीकेंड से पहले इस उपलब्धि को हासिल कर लेगी. इसी के साथ ये अपने प्रीक्ल के रिकॉर्ड को तोड़ने के भी करीब पहुंच जाएगी. बता दें कि धुरंधर 2 के पहले भाग ने कुल 1300 करोड़ रुपये कमाए थे, और उम्मीद है कि इसका सीक्वल अपने दूसरे वीकेंड में इसे पीछे छोड़ देगा.

# द साबरमती रिपोर्ट के बाद अब द टेरर रिपोर्ट लेकर आ रहीं एकता कपूर, शेरशाह फेम डायरेक्टर करेंगे फिल्म निर्देशित

साल 2002 के गोधरा कांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की सफलता के बाद निर्माता एकता कपूर नई फिल्म लेकर आ रही हैं. बालाजी टेलीफिल्म्स और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट ने एक बड़ी राजनीतिक थ्रिलर फिल्म द टेरर रिपोर्ट बनाने के लिए हाथ मिलाया है. फिल्म का निर्देशन शेरशाह फेम विष्णु वर्धन करेंगे.




फिल्म द टेरर रिपोर्ट वास्तविक घटनाओं पर आधारित होगी और भारत पर हुए आतंकी हमलों के साथ ही देश की ओर से दिए गए कड़े जवाबी हमलों को भी बड़े दिखाएगी. द साबरमती रिपोर्ट की अगली कड़ी के रूप में यह फिल्म सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लंबी लड़ाई को विस्तार से पेश करेगी.

मेकर्स के अनुसार, फिल्म में जांच की पेचीदगियां, खुफिया अभियान और हालिया सुरक्षा संबंधी घटनाओं को गहराई से दिखाया जाएगा. इस अनोखे सहयोग में बालाजी और एलिप्सिस की रचनात्मक ताकत और विष्णु वर्धन की शानदार निर्देशन शैली एक साथ नजर आएगी.निर्माताओं में एकता कपूर, शोभा कपूर, तनुज गर्ग और अतुल कसबेकर शामिल हैं. फिल्ममेकर्स का मानना है कि यह प्रोजेक्ट न सिर्फ एंटरटेन करेगा, बल्कि देश की सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों के बारे में दर्शकों को जागरूक भी करेगा.बता दें, विष्णु वर्धन ने पहले शेरशाह जैसी फिल्म से राष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोरी है. अब द टेरर रिपोर्ट के जरिए वे एक बार फिर वास्तविक घटनाओं पर आधारित शक्तिशाली कहानी पेश करने जा रहे हैं.

# शुभमन गिल की बहन का ओटीटी पर होगा डेब्यू, करण जौहर के शो में लेंगी हिस्सा




करण जौहर के रियलिटी शो द ट्रेटर्स इंडिया के दूसरे सीजन को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। शो की शूटिंग जैसलमेर में शुरू हो चुकी है और इसमें हिस्सा लेने वाले कई प्रतियोगियों के नाम चर्चा में हैं। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल की बहन शाहनील गिल भी इसका हिस्सा होंगी। इस खबर ने अभी से फैंस को उत्साहित कर दिया है, क्योंकि शाहनील सोशल मीडिया पर काफी चर्चित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, द ट्रेटर्स इंडिया 2 के लिए शाहनील के नाम की पुष्टि हुई है। वह इसमें बतौर प्रतियोगी शामिल होंगी जो रियलिटी शो की दुनिया में उनका पहला कदम होगा और ओटीटी डेब्यू भी, क्योंकि यह शो अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगा। बता दें कि शाहनील सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 4.4 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। अपनी खूबसूरत तस्वीरों से वह हमेशा लोगो का ध्यान खींच लेती हैं।शाहनील के अलावा, सोहेल खान की पूर्व पत्नी सीमा सजदेह का नाम भी चर्चा में है।रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत शुरुआती दौर में है। हालांकि उनकी भागीदारी पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें, द ट्रेटर्स मूल रूप से नीदरलैंड का शो है, जिसका प्रसारण 2021 में डी वेर्राडर्स नाम से हुआ था। इसी का रूपांतरण द ट्रेटर्स इंडिया दूसरे सीजन के साथ लौट रहा है जिसके लिए मुनव्वर फारूकी, श्वेता तिवारी जैसे नाम चर्चा में हैं।

## गणित के फॉर्मूले से सुलझेगी रिश्तों की गुत्थी, 3 अप्रैल को डिजिटल दस्तक देगी मोना सिंह की वेब सीरीज मां का सम

मोना सिंह और मिहिर आहूजा वेब सीरीज मां का सम में एक साथ नजर आने वाले हैं। मोना और मिहिर के अलावा इस सीरीज में अंगिरा धर और रणवीर बराड़ भी अहम किरदार में




नजर आएंगे। जानें किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी सीरीज?

मां का सम एक नई वेब सीरीज है। जिसका निर्देशन निकोलस खारकोंगोर ने किया है। इस सीरीज में मोना सिंह के साथ मुख्य भूमिका में मिहिर आहूजा नजर आएंगे। यह सीरीज 3 अप्रैल 2026 को प्राइम वीडिय रिलीज हो रही है।इस सीरीज की कहानी अगस्त्य नाम के एक होनहार टीनएज लड़के की है, जिसे मिहिर आहूजा ने निभाया है। अगस्त्य बहुत अच्छा मैथ्स का स्टूडेंट है। वह पूरी दुनिया को नंबर्स, ग्राफ और लॉजिक के नजरिए से देखता है। उसकी सिंगल मां विनीता का रोल मोना सिंह ने निभाया है।अगस्त्य अपनी मां के लिए एक परफेक्ट पति ढूंढने का प्लान बनाता है। वह इसे प्रोजेक्ट मॉम नाम देता है। शुरू में यह सिर्फ एक लॉजिकल प्लान होता है, लेकिन धीरे-धीरे यह एक मजेदार, भावुक और दिल छू लेने वाली कहानी बन जाती है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म वन को मिली नई रिलीज तारीख, 28 अगस्त को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



सिद्धार्थ मल्होत्रा काफी समय से अपनी आगामी फिल्म वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट को लेकर चर्चा में हैं। कुछ दिन पहले आधिकारिक पोस्ट में बताया गया था कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद, अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। पहली बार होगा जब सिद्धार्थ के साथ फिल्म में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। अब निर्माताओं की ओर से वन की नई रिलीज तारीख का खुलासा कर दिया है। दरअसल पहले इसे 15 मई को रिलीज किया जाना था।

निर्माताओं ने वन का पोस्टर जारी किया है और बताया है कि फिल्म अब 28 अगस्त, यानी रक्षाबंधन के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दीपक मिश्रा और अरुणभ कुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म की निर्माता एकता कपूर हैं। फिल्म का निर्माण बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर के सहयोग से हुआ है। इसकी शूटिंग मध्य भारत के घने जंगलों में की गई है, जबकि कहानी गुप्त मंदिरों और प्राचीन लोककथाओं पर आधारित बताई जाती है।

इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की फ्रेश जोड़ी है। दोनों को पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर देखना फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। सिद्धार्थ, जिन्हें हाल ही में एक्शन अवतार में देखा गया था, इस बार एक ऐसे किरदार में नजर आएंगे जो तर्क और अलौकिक शक्तियों के बीच फंसा हुआ है। वहीं, तमन्ना भाटिया का किरदार भी काफी रहस्यमयी और शक्तिशाली बताया जा रहा है।रक्षाबंधन की छुट्टी पर फिल्म को रिलीज करने का फैसला काफी सोच-समझकर लिया गया है। त्योहारों के सीजन में अक्सर बड़ी फिल्मों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वीवन जैसी थ्रिलर फिल्म को फैमिली ऑडियंस के साथ-साथ युवाओं का भी भरपूर साथ मिलने की उम्मीद है।सिद्धार्थ और तमन्ना के अलावा इस फिल्म में सुनील ग्रोवर, श्वेता तिवारी और मनीष पॉल जैसे मंझे हुए कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कुल मिलाकर, वीवन न केवल एक रोमांचक फिल्म होने का वादा करती है, बल्कि भारतीय जड़ों से जुड़ी कहानियों को एक नए नजरिए से पेश करने की कोशिश भी है।

## फिल्म जी2 से इमरान हाशमी का पहला लुक जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

इमरान हाशमी बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ की फिल्मों में भी खूब धमाका कर रहे हैं। पिछले साल उन्हें पवन कल्याण की फिल्म दे कॉल हिम ओजी में देखा गया था जो सफल साबित हुई। अब वह अपनी आगामी फिल्म जी2 को लेकर चर्चा में हैं जिसमें से उनका पहला लुक जारी किया गया है। इसी के साथ फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठाया गया है। बता दें, जी2 2018 में आई गुडाचारी का सीक्वल है।जी2 के मुख्य अभिनेता अदिवि शेष ने फिल्म से इमरान का पहला लुक साझा किया है।

# रोजाना करें तरबूज का सेवन, इससे मिल सकते हैं स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ

गर्मियों का मौसम तरबूज के बिना अधूरा सा लगता है। इसका कारण है कि तरबूज न केवल स्वाद में अच्छा होता है, बल्कि इसमें कई ऐसे गुण भी होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। यह शरीर को पानी से भरपूर रखने के साथ-साथ कई पोषक तत्व भी प्रदान करता है। इस लेख में हम आपको रोजाना एक बार तरबूज खाने के अहम फायदे बताएंगे, जो आपको इसे अपनी खानपान में शामिल करने पर मजबूर कर देंगे।



### शरीर में पानी की कमी को पूरा करे

तरबूज में लगभग 92 प्रतिशत पानी होता है, जो इसे प्राकृतिक रूप से शरीर को पानी से भरपूर रखने वाला फल बनाता है। गर्मियों में जब शरीर को अधिक पानी की आवश्यकता होती है, तब तरबूज एक बेहतरीन विकल्प साबित होता है। यह न केवल प्यास बुझाता है बल्कि शरीर को ठंडक भी देता है। इसके सेवन से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

### वजन घटाने में सहायक

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो तरबूज आपके लिए एक आदर्श फल हो सकता है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है और यह रेशों से भरपूर होता है, जो लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे आपको बार-बार खाने की इच्छा नहीं होती। इसके अलावा इसमें प्राकृतिक मिठास होती है, जो मीठे की इच्छा को भी कम कर देती है। इस प्रकार तरबूज वजन घटाने में मददगार साबित हो सकता है।

### दिल की सेहत के लिए फायदेमंद

तरबूज दिल के लिए बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें एक खास प्रकार का अमीनो एसिड पाया जाता है, जो रक्त संचार को बेहतर बनाता है और नाड़ियों पर दबाव डालने वाले हार्मोन्स को कम करता है। इसके अलावा तरबूज में मौजूद ऐसे तत्व होते हैं जो दिल की बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से तरबूज का सेवन करने से रक्तचाप नियंत्रित रहता है और दिल स्वस्थ रहता है।

### त्वचा के लिए लाभकारी

तरबूज में विटामिन-सी और विटामिन-ए प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये विटामिन्स त्वचा को नमी प्रदान करते हैं और उसे ताजगी भरा बनाते हैं। इसके अलावा तरबूज में मौजूद एक खास तत्व सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव करता है और त्वचा को उम्रदराज होने से रोकता है। नियमित रूप से तरबूज खाने से त्वचा की चमक बढ़ती है और वह स्वस्थ नजर आती है।

### पाचन क्रिया के लिए अच्छा

तरबूज में रेशे होते हैं, जो पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करते हैं। यह कब्ज, गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है और आंत को स्वस्थ रखता है। रेशों के अलावा तरबूज में मौजूद पानी की मात्रा भी पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में सहायक होती है। नियमित रूप से तरबूज खाने से पाचन तंत्र की कार्यक्षमता बढ़ती है और आंत का संतुलन बना रहता है।

# गर्मियों के दौरान इन 5 फलों के बनाकर पिएं जूस, मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ

गर्मियों में अधिक तापमान और उमस के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। हालांकि, रोजाना पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करने से इस समस्या से बचा जा सकता है। इसके लिए आप जूस का सेवन कर सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे फलों के जूस की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन गर्मियों के दौरान करना सेहत के लिए फायदेमंद है।

### अनानास का जूस

अनानास का जूस बनाने के लिए सबसे पहले अनानास को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर जार में डालें, फिर इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाएं। अब जार को पीस लें और जूस को छानकर गिलास में डालें। इसके बाद जूस के ऊपर पुदीने की कुछ पत्तियां सजाकर इसे परोसें। अनानास का जूस स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषक भी है। इसे पीने से शरीर से हानिकारक तत्व बाहर निकालने में मदद मिलती है।

### तरबूज का जूस

तरबूज का जूस बनाने के लिए सबसे पहले तरबूज को छिलकर इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। अब एक जार में तरबूज के टुकड़ों को डालकर पीस लें। इसके बाद जूस को गिलास में डालकर इसके ऊपर पुदीने की पत्तियां सजाएं। तरबूज का जूस पीने से शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स



इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं।

### पपीते का जूस

पपीते का जूस बनाने के लिए सबसे पहले पपीते को छिलकर इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। अब एक जार में पपीते के टुकड़ों को नींबू के रस के साथ डालकर पीस लें। इसके बाद जूस को गिलास में डालकर इसके ऊपर पुदीने की कुछ पत्तियां सजाएं। पपीते का जूस पीने से पाचन तंत्र ठीक रहता है और इससे पेट से जुड़ी समस्याओं से भी राहत मिलती है।

### अनार का जूस

अनार का जूस बनाने के लिए सबसे पहले अनार के दानों को निकालकर एक जार में डालें, फिर इसमें थोड़ा नींबू का रस मिलाएं। अब जार को पीस लें और मिश्रण को छानकर गिलास में डालें। इसके बाद जूस को ठंडा करने के लिए कुछ बर्फ के टुकड़े डालें। यह जूस स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषक भी है। इसे पीने से शरीर से हानिकारक तत्व बाहर निकालने में मदद मिलती है।

### आम का जूस

सबसे पहले आम को छिलकर इसके टुकड़े कर लें। अब आम के टुकड़ों को चीनी और पानी के साथ उबालें और ठंडा होने दें।

इसके बाद आम के मिश्रण को जार में डालकर पीस लें, फिर इसे छानकर गिलास में डालें। आम का जूस पीने से पाचन तंत्र ठीक रहता है और इससे पेट से जुड़ी समस्याओं से भी राहत मिलती है।

# महागौरी की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

## सतरस्ते पर जारी है देवी भागवत कथा, कथा का विश्राम आज, शनिवार को निकलेगें जवारे

नर्मदापुरम (निप्र)। नवरात्र का आठवां दिन मां महागौरी के नाम है। देवी जगदंबा ने कठिन तपस्या कर गौरवर्ण को प्राप्त कर भगवती महागौरी के नाम से संपूर्ण विश्व में विख्यात हुईं हैं। देवी महागौरी ने भगवान भोलेनाथ को पतिरूप में पाने के लिए हजारों सालों तक कठिन तपस्या की थी जिस कारण इनका रंग काला पड़ गया था परंतु बाद में भगवान शिव ने माता के वर्ण को फिर से गौर कर दिया और इनका नाम महागौरी विख्यात हुआ। उनकी कथा बहुत सुखदायी है।

यह अमृत उद्गार देवी भागवत कथा दक्षिणेश्वरी माता महाकाली सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा सतरस्ते पर आयोजित देवी भागवत कथा में राजराजेश्वरी बाराही धाम डुंगारिया जिला सीहोर से पधारे सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पं जितेन्द्रिय महाराज (बशिष्ठ) ने व्यक्त किए। आचार्य जी ने माता शताक्षि, देवसेना, शाकंभरी, हरछट माता, सहित अन्य अनेक देवियों के चरित्र सुनाए। जिनको सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए।

### सजाई गई महागौरी और लक्ष्मी जी की झांकी

कथा स्थल पर आचार्य पं जितेन्द्रिय महाराज के मार्गदर्शन में आयोजन समिति द्वारा प्रतिदिन देवियों की आकर्षक झांकी सजाई जा रही हैं। कन्याओं को देवी स्वरूप में तैयार कर कथा व्यास पीठ के समीप आसन लगाया जाता है। जब देवियों का आगमन कथा स्थल पर होता है तो पंडाल में विराजमान श्रद्धालुओं के द्वारा पुष्प वर्षा की जाती है। उसके बाद आरती की जाती है। महागौरी को सफेद रंग के बैल पर विराजमान कर चलित झांकी तैयार की गई। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव के साथ ने दर्शन किए।



### कल कन्या भोज के बाद शाम को निकलेंगे जवारे

आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रकाश शिवहरे ने बताया कि शुक्रवार को देवी भागवत कथा विश्राम दिवस है। कथा प्रतिदिन की तरह दोपहर 2 से पांच बजे तक जारी रहेगी। आज नौ देवी की झांकी सजाई जाएगी।

शनिवार को कन्या भोज, प्रसाद वितरण के बाद सायंकाल नारी शक्ति और समिति सदस्यों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में जवारे निकाले जाएंगे। जिनकी शोभायात्रा माता महाकाली दरबार से प्रारंभ होकर मां नर्मदा के पावन तट पर पहुंचकर जवारों का विसर्जन किया जाएगा।

## जन सहभागिता से जल स्त्रोत की साफ-सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्य प्रदेश शासन) के मार्गदर्शन में विकासखण्ड सिवनी मालवा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था जन सेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था, सेक्टर क्रमांक 01 के तत्वावधान में रामवाटिका पार्क स्थित तालाब पर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जन सहभागिता से श्रमदान करते हुए तालाब की साफ-सफाई के साथ हुई। उपस्थित नागरिकों ने मिलकर जल स्त्रोत को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। संस्था के अध्यक्ष गुलशन कुमार कावड़े ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान एक जनभागीदारी आधारित पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य नदियों, जल स्त्रोतों एवं पर्यावरण का संरक्षण एवं पुनर्जीवन करना है।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति आज

### रामनवमी का आयोजन होगा, विशाल भंडारा शनिवार को



नर्मदापुरम (निप्र)। नगर के समीप बांद्राभान रोड पर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में चल रहे शतचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति शुक्रवार को होगी। जबकि शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव भव्यता पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश व्यासपीठ संघ के अध्यक्ष अरविंदाचार्य ने बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर में शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान नियमित रूप से आहुतियां दी गई। यज्ञ के समापन दिवस पर शुक्रवार को यज्ञ के साथ ही भगवती का सहस्त्रार्चन भी होगा। जबकि दोपहर में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा इस दौरान भगवान राम की जन्म स्तुति के साथ ही पूजन और आरती होगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से आयोजन में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## सार्वजनिक रोड पर मार्ग अवरुद्ध पर 02 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

नर्मदापुरम (निप्र)। पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी जितेन्द्र पाठक के नेतृत्व में निरी0 कंचन सिंह ठाकुर थाना प्रभारी थाना कोतवाली नर्मदापुरम द्वारा स्टाफ के साथ सतरास्ता से इंद्रा चौक होते हुये अस्पताल तिराहे तक रोड पेट्रोलिंग की गयी।

इस दौरान दौराने पेट्रोलिंग के पीए सिस्टम से अनाउंसमेंट किया गया कि रोड पर किए गए अतिक्रमण कूलर फ्रिज एवं अन्य दुकानों की वस्तुओ को आमजन के उपयोग में लायी जा रही पर न रखे यदि उक्त कृत्य किसी प्रतिष्ठान के संचालक के द्वारा किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियामानुसार विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी। थाना कोतवाली नर्मदापुरम की पुलिस टीम द्वारा पैदल रोड पेट्रोलिंग की गयी, पेट्रोलिंग के दौरान शिव फर्नीचर एवं अनिल बूट हाउस के संचालको द्वारा उक्त समझाइस को न मानते हुये पुन: सार्वजनिक रोड पर मार्ग अवरुद्ध कर जनसामान्य के यातायात के उपयोग मे लाये जाने वाले मार्ग पर दुकान का स्टेंड एवं कूलर व उसके खाली खोके आदि रखकर व्यवधान उत्तपन किया जिस पर शिव फर्नीचर एवं अनिल बूट हाउस के संचालको के विरुद्ध धारा 285 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है प्रकरण मे शीघ्र ही चालान न्यायालय मे पेश किया जावेगा एवं उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था पर निजी गोदाम संचालकों को दिया गया प्रशिक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन जिला कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा गुरूवार को निजी गोदाम संचालको का 01 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभा गृह नर्मदापुरम में किया गया। जिसमें रबी विपणन वर्ष 2026-27 में उपार्जित स्कंध की वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था एवं स्कंध के उचित रखरखाव / कीटोपचार, उपार्जित गेहूँ एवं चना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी मिलिंद येवले (प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रक) एवं धर्मेन्द्र रम्भिया (तकनीकी सहा), म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक वासुदेव दवण्डे, एवं शाखा प्रबंधक इटारसी नंदकिशोर बेदी द्वारा समस्त प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण दिया गया।

## नगर पालिका की धमकी का अतिक्रमणकारी पर नहीं हुआ कोई असर

नर्मदापुरम (निप्र)। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका सीएमओ ने मुखर्जी काम्पलेक्स परिसर में अनाधिकृत रूप से लगे हुए जीना को हटाने के लिए संबंधित को 24 घंटे का समय दिया था कि स्वयं हटा ले।

नगर पालिका सीएमओ की चेतावनी या धमकी का असर उस पर बिल्कुल नहीं हुआ। उसने दूसरे और तीसरे दिन भी जीना हटाने की जरूरत ही मेहसूस नहीं की। 24 घंटे निकलने के बाद भी नपा अपने निर्देश के पालन में मुंह ताकते रह गई। गुरूवार को वर्किंग डे होने पर सीएमओ नगर पालिका कार्यालय में मौजूद रही। जनसुनाई की खानापूर्ति की जाती रही। लेकिन उससे पूर्व भी जनसुनवाई में आए आवेदन जिसमें अवैधानिक जीना को हटाने की मांग की गई थी उस पर सीएमओ का ध्यान ही नहीं गया। ऐसा भी नही है कि सीएमओ के पास अमला नहीं है। या मशीन नहीं है। नगर पालिका को तो किसी से पूछना भी नहीं है कि अवैधानिक निर्माण को हटाना है। वह भी नगर पालिका की बिर्लिंग में सरेआम किए गए अतिक्रमण को हटाने में नगर पालिका के द्वारा इतना लंबा समय लगा देने का आशय क्या समझा जाए। जिसे नगर पालिका ने जीना लगाने की अनुमति नहीं दी हो तब किसी ने नगर पालिका की संपत्ति को अपनी मानकर मनमानी की हो तो उसे निर्देश देना चाहिए था। या पूर्व में जिस प्रकार जीना हटाया गया था उसी तरह क्यों नहीं हटाया गया। इस बात की चर्चाएं बहुत तेज हो रही हैं। सीएमओ ने स्वयं देख चुकी है उसके बाद भी हटाने में कई दिन लगा दिए। जब इतना सा काम नहीं हो सकता तो फिर सीएमओ से नगर में व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद कैसे की जा सकती है?

## संकल्प से समाधान अभियानः पिपरिया में ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित, हितग्राहियों को वितरित किए गए लाभ

नर्मदापुरम (निप्र)। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पिपरिया में ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान करते हुए शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किया गया श्रमदान

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन परिषद द्वारा किए जा रहा है। इसी क्रम में माखन नगर के ग्राम गुजरवाड़ा में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख के नेतृत्व में माता मंदिर परिसर में हेन्डपंप के पास श्रमदान के माध्यम से सोख्ते गड्ढे का निर्माण किया गया, जिससे परिसर में साफ सफाई रहे। इस श्रमदान के अवसर पर जनपद सदस्य एवं सभापति भगवान दास यादव, पार्षद सुरेश यादव, नवांकुर संस्था संचालक नीतिराज यादव, प्रस्फुटन समिति सदस्य शुभम गोस्वामी, गेंदालाल यादव सहित समिति सदस्य उपस्थित रहें। श्रमदान पश्चात सभी के द्वारा ग्राम में साप्ताहिक श्रमदान करने का निर्णय लिया एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली गई।

# संभागीय आईटीआई परिसर में जारी है जनगणना 2027 हेतु फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

**24 से 26 मार्च तक 27 फील्ड ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण**

**शेष फील्ड ट्रेनर्स को 28 से 30 मार्च 2026 तक दिया जायेगा प्रशिक्षण**



नर्मदापुरम (निप्र)। जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत संभागीय आईटीआई परिसर में फील्ड ट्रेनर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। नर्मदापुरम जिले में कुल 53 फील्ड ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं जो प्रशिक्षण उपरांत प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण में 27 फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च तक एवं बचे हुए 26 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 28 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान फील्ड ट्रेनर्स को मकान सूचीकरण और मकान की गणना के समय उत्पन्न होने वाले प्रश्नों के उत्तर दर्ज किए जाने तथा उनकी व्याख्या के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त स्व गणना एवं डाटा सत्यापन की प्रक्रिया तथा मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना की विधिवत प्रक्रिया समझ कर फील्ड ट्रेनर्स को कार्योन्मुख किया। इस दौरान फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना 2027 के दौरान HLO मोबाइल एप की आवश्यकता तथा इसकी विशेषताएं एवं ऐप के माध्यम से उत्तर भरने की विधिवत प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। गुरुवार को फील्ड ट्रेनर्स के तृतीय दिन का प्रशिक्षण का कार्य संपन्न हुआ फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड विजिट कराया गया साथ ही प्रशिक्षण के दौरान रोल प्ले ,क्विज, एवं फीडबैक फॉर्म भी भरवाए गए। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अनिल जैन की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर एवं जिला प्रभारी सुश्री आयुषी यादव तथा मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा फील्ड ट्रेनर अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस संयुक्त संचालक एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर रामावतार पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य की प्रक्रिया, डेटा संकलन, तकनीकी पहलुओं एवं संभावित समस्याओं के समाधान के संबंध में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में सभी फील्ड ट्रेनर्स को प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मोबाइल एप के विषय में भी बताया जा रहा है एवं उसकी हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराई जा रही है। मोबाइल ऐप का उपयोग करके ही डाटा का संग्रहण किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे जनगणना कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि जनगणना का कार्य 1 मई 2026 से प्रारंभ होगा, जिसमें चार्ज अधिकारी, फील्ड ट्रेनर एवं जमीनी अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पूर्व तैयारी के रूप में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

## बाल श्रम के खिलाफ अभियानः केसला और पथरौटा में जागरुकता अभियान चलाया गया



नर्मदापुरम (निप्र)। केसला और पथरौटा में बाल श्रम की पहचान और विमुक्ति के लिए जिला टास्क फोर्स ने संयुक्त जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू, पथरौटा थाने से आरक्षक नीतेश दवंडे, केसला थाने से आरक्षक दुर्गा प्रसाद, महिला एवं बाल विकास विभाग केसला से पर्यवेक्षक चेतना ढीवरे पर्यवेक्षक, वंदना देवहरे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रूपा महतो, कीर्ति चौधरी, सरोज चौधरी, सरला चौधरी, आरती चौरे, निशा सिंह केसला तथा एसजेपीयू (SJPU) इटारसी से प्रधान आरक्षक भुजराम सिंह एवं रोहित कुमार शामिल थे। अभियान के दौरान, संस्थानों में बाल श्रम रोकथाम संबंधी स्टीकर लगाए गए और नियोजकों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि 14 वर्ष तक के बालकों का किसी भी प्रकार के कार्यों में नियोजन पूर्णत: प्रतिबंधित है, और 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को खतरनाक श्रेणी के कार्यों में नियोजन करना कानूनन अपराध है। उल्लंघन पाए जाने पर दोषी नियोजक को न्यूनतम छह माह से अधिकतम दो वर्ष तक का कारावास अथवा न्यूनतम 20,000 से अधिकतम 50,000 तक का जुर्माना या दोनों दंड दिए जाने का प्रावधान है।



## रेत का अवैध उत्खनन / परिवहन करते 06 वाहन जप्त संयुक्त दल की कार्यवाही जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा जांच एवं कार्यवाही जारी है। तहसीलवार गठित दल एवं संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल से गठित दल द्वारा जिले में नियमित जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में 26 मार्च 2026 को जांच दल द्वारा तहसील-इटारसी में 06 ट्रक/एल.पी. क्रमश: क्रमांक MP11ZK7772, MH27BX1221, RJ09GE7581, MP09HG7264, MP09DK2883, MP09AK5481 को रेत खनिज का ओवरलोड परिवहन करने पर जप्त कर थाना प्रभारी, थाना रामपुर गुर्रा, तहसली-इटारसी की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखे गए हैं। उक्त जप्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त टीम द्वारा जिले में नियमित जाँच एवं कार्यवाही सतत् जारी है।

## मिशन शक्ति अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम में मिशन शक्ति अंतर्गत हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन की संभागीय स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया ने HUB की कार्यविधि, उद्देश्य और महिलाओं को दी जाने वाली सहायता की जानकारी दी। संयुक्त संचालक नर्मदापुरम श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी ने बाल विवाह रोकथाम, महिला सशक्तिकरण योजनाओं, और हब की अगामी वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।

## दो दिवसीय सेवोत्तम प्रशिक्षण का हुआ समापन

### अधिकारियों ने सीखे नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के तरीके

नर्मदापुरम (निप्र)। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARP), नई दिल्ली तथा आर.सी.वी.पी. नरोन्हा अकादमी, भोपाल के सहयोग से सेवोत्तम प्रकोष्ठ के अंतर्गत नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय सेवोत्तम प्रशिक्षण का आयोजन 24 एवं 25 मार्च 2026 को ई-दक्ष केंद्र (जनपद पंचायत नर्मदापुरम के पास) में किया गया।प्रशिक्षण के दौरान म.प्र. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010, सीएम हेल्पलाइन, CPGRAM पोर्टल तथा शिकायत निवारण तंत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला प्रबंधक श्री आनंद झैरवार द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण, समाधान एक दिवस सेवाएं तथा CPGRAM के माध्यम से शिकायतों के प्रभावी निपटान की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com